सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

साधिकार प्रकाशित

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

Published by Authority

भाद्र 2, मंगलवार, शाके 1943–अगस्त 24, 2021
Bhadra 2, Tuesday, Saka 1943- August 24, 2021

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

सामान्य प्रशासन (ग्रुप-1) विभाग

शोक संदेश

जयपुर, अगस्त 22, 2021

संख्या प. 2(1)साप्र/1/2021 :–स्वर्गीय श्री कल्याण सिंह का जन्म 5 जनवरी, 1932 को ग्राम अतरौली, जिला अलीगढ़, उत्तरप्रदेश में हुआ। आपने स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

आपने 4 सितंबर, 2014 से 8 सितंबर, 2019 तक राजस्थान के राज्यपाल के रूप में पद को सुशोभित किया। आपने 28 जनवरी, 2015 से 12 अगस्त, 2015 तक हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में भी अतिरिक्त कार्यभार संभाला।

आप 24 जून, 1991 से 8 दिसम्बर, 1992 तक तथा 21 सितम्बर, 1997 से 12 नवम्बर, 1999 तक उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। आप 2004 से 2014 तक सांसद भी रहे।

आप प्रारंभिक जीवन से ही राष्ट्रीय भावना और देश प्रेम से प्रेरित रहे तथा आरंभ से ही आमजन के हितैषी रहे। आमजन के दर्द को आपने हमेशा अपना दर्द समझा तथा आप आमजन सेवा के प्रति समर्पण भाव से जुड़े रहे।

आपके निधन से सार्वजनिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं साहस प्रदान करे।

राजस्थान सरकार श्री कल्याण सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

निरंजन आर्य,
मुख्य सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।